आदर्श गाँव सुई

चर्चा में क्यों?

17 नवंबर, 2021 को राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद ने हरियाणा के भिवानी ज़िले में स्व-प्रेरित आदर्श ग्राम योजना के तहत विकसित किये गए आदर्श गांव सुई का उद्घाटन किया।

- इस अवसर पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने कहा कि आदर्श ग्राम योजना के तहत सुई गाँव में कई विकास कार्य किये गए हैं और इन विकास कार्यों से सरकार की स्व-प्रेरित आदर्श ग्राम योजना का मुख्य उद्देश्य भी पूरा हो रहा है।
- उन्होंने कहा कि नई झील, पार्क, सभागार, पुस्तकालय, सड़कें, गलियाँ और सरकारी स्कूल से सुई गाँव को आधुनिक रूप मिला है। सूई और आसपास के गाँवों में 'एक उत्पाद-एक ब्लॉक' के तहत 50 एकड़ में छोटे उद्योगों का एक समूह बनाया जाएगा, जिससे रोज़गार के नए अवसर पैदा होंगे।
- सूई गाँव के मूल निवासी उद्योगपति एसके जिंदल ने गाँव में कई विकास कार्यों को पूरा कर अन्य लोगों के लिये एक मिसाल कायम की है। इसी तरह विदेश में रहने वाले हरियाणा के 205 लोगों ने अपने पैतृक गाँवों में विकास कार्य कराने की इच्छा जताई है।
- ग्रामीणों की मांग के अनुसार 5 करम पथ पर सूई से डांग गाँव तक मार्केटिंग बोर्ड के माध्यम से सड़क बनाई जाएगी, गाँव में स्वच्छ पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिये परियोजना बनाई जाएगी।
- मुख्यमंत्री ने कहा कि भिवानी शहर के गंदे पानी को गाँव में प्रवेश करने से रोकने के लिये वाटर ट्रीटमेंट प्लांट भी बनाया जाएगा।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/model-village-sui